प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 24.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज अजमेर दौरा–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लेंगे।
- जयपुर को ब्रिक्स बैठक की मेजबानी मिली–4 से 7 मार्च तक होने वाली इस बैठक में ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्री और केन्द्रीय बैंकों के गवर्नर हिस्सा लेंगे।
- बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सेना का **खडग शक्ति युद्धाभ्यास** सम्पन्न–पोकरण में **वायु शक्ति युद्धाभ्यास** की आज फुल ड्रेस रिहर्सल।
- प्रधानमंत्री श्री मोदी कल दो दिन के दौरे पर इजरायल रवाना होंगे–दोनो देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक समझौतों की संभावना।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज अजमेर दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को प्रस्तावित अजमेर यात्रा के मद्देनजर की जा रही विभिन्न तैयारियों का जायजा लेंगे। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि श्री शर्मा पुष्कर में एक धार्मिक कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे।

0000

राज्यविधानसभा में आज ऊर्जा, खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। इसके अलावा कटौती प्रस्ताव भी पेश किये जायेंगे। विधानसभा की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। इसके बाद विधायक अमित चचाण और शत्रुघन गौतम तथा अशोक कुमार कोठारी विभिन्न विषयों से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखेंगे। सदन में आज विभिन्न समितियों के प्रतिवेदनों और याचिकाओं का उपस्थापन भी किया जायेगा।

0000

प्रदेश में पुलिस बेडे में देर रात बडा बदलाव करते हुए 21 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किये गये है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेशों के अनुसार डॉ. हवा सिंह घुमारिया को पुलिस हैडक्वार्टर में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं विपिन कुमार पांडे को अपराध शाखा का अतिरिक्त महानिदेशक बनाया गया है। प्रफुल्ल कुमार को एडीजी इंटेलीजेंस की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं शरद कविराज को जोधपुर पुलिस आयुक्त लगाया गया है। इसी तरह ओम प्रकाश जयपुर में विशेष आयुक्त ऑपरेशन्स होंगे।

0000

जयपुर को ब्रिक्स बैठक की मैजबानी मिली है। ये बैठक 4 से 7 मार्च को होगी। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने कल जयपुर में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्री और केन्द्रीय बैंक गवर्नर हिस्सा लेंगे।

0000

भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। यह सम्मेलन 27 सालों के लंबे अंतराल के बाद हो रहा है। पिछला सम्मेलन वर्ष 1999 में हुआ था। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहेंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके अलावा, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी भी सम्मेलन में शामिल होंगे।

0000

भारतीय वायु सेना के युद्धाभ्यास **वायुशक्ति 2026** की आज पोकरण में फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। मुख्य कार्यक्रम 27 फरवरी को होगा। एयर मार्शल नागेश कपूर के मुताबिक इस अभ्यास में 12 हजार किलो गोलाबारूद का इस्तेमाल किया जायेगा।

**0000**

बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में कल सेना की पश्चिमी कमान का **खडग शक्ति युद्धाभ्यास** सम्पन्न हुआ। जनरल ऑफिसर कमान्डिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने बताया कि इसमें आधुनिक युद्ध प्रणालियों में तकनीक का समावेश करते हुए विभिन्न प्रदर्शन किये गए।

**0000**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की इस्राइल यात्रा पर कल रवाना होंगे। तेल अवीव में प्रधानमंत्री इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। इसके बाद श्री मोदी यरुशलम में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस्राइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा को ऐतिहासिक बताया है। यरुशलम में श्री सिंह ने कहा कि श्री नेतन्याहू के साथ वार्ता के अलावा, श्री मोदी इस्राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग से भी भेंट करेंगे। श्री मोदी इस्राइल की संसद को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच वार्ता के बाद कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। भारतीय राजदूत ने कहा कि वार्ता में नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, साइबर सुरक्षा, क्वांटम तकनीक और अन्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

0000

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी 26 फरवरी को भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। श्री कार्नी 7 मार्च तक भारत में रहेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है। श्री कार्नी मुंबई में व्यापारिक नेताओं से भेंट के साथ अपनी यात्रा शुरु करेंगे। वे 2 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उच्च स्तरीय वार्ता के लिए नई दिल्ली पहुंचेंगे। दोनों नेता स्वच्छ ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई साझेदारियों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

0000

राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति की ओर से जयपुर में स्ट्रीट फोटोग्राफी पर वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। प्रौढ शिक्षण केन्द्र में आयोजित चार दिन की इस वर्कशॉप में मशहूर फोटोग्राफर शिवजी जोशी द्वारा प्रतिभागियों को फोटो पत्रकारिता, स्ट्रीट पोट्रेट तथा डॉक्यूमेन्ट्री के गुर सिखाए जा रहे है। साथ ही इस दौरान फोटोवॉक भी रखी गई।

0000

प्रदेश में बांसवाडा, हनुमानगढ सहित कुछ स्थानों पर मौसम का मिजाज बदला है। बांसवाडा में बीती रात से कई जगह बूंदाबांदी हो रही है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार राज्य में अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहेगा। कल से कई स्थानों पर तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढोतरी हो सकती है।

0000